हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस...



07 ढोढर में मनी अग्रसेन जयंती,चल समारोह...



खबर संक्षेप

लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 29 नवंबर को

सागर। आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल के निर्देश पर लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 29 नवंबर को यूआईटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सागर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में तीन मूल प्रतियों में भरवाकर 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण जानकारी के लिए आवेदक एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

कृषक कल्याण वर्ष में प्राकृतिक खेती से समाज का विकास संभव

सागर। कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड सागर के निर्देशन में प्राकृतिक खेती पर आधारित आत्मा परियोजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टेहरा टेहरी, विकासखंड जैसीनगर, जिला सागर मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, कृषि स्थाई समिति के सभापति सौरभ शुक्ला, शोभाराम पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैसीनगर राघवेंद्र सिंह राजपूत, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक जैसीनगर शैलेष पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक सागर लोकेंद्र जाटव,कृषि विस्तार अधिकारी जैसीनगर अखिलेश पाटीदार, मेसर्स प्रो एग्रो के मार्केटिंग हेड रामसेवक कुशवाह, सीआरपी लक्ष्मी पटेल एवं श्रीमति माया पटेल, प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र पटेल, मैनेज हैदराबाद से प्रशिक्षित कृषि उद्धमियों सहित 125 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को विस्तार से समझाया, साथ में उन्नत तरीके से खेती के साथ-साथ कम से कम 1 एकड़ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों से अनुरोध किया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। कृषि सभापति शुक्ला ने शासन और सरकार को प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने के उद्देश्यों की तारीफ करते हुए किसानों से आग्रह किया कि अपने लिए तो प्राकृतिक खेती शुरुआत करें। जाटव ने नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी के लिए अनुरोध कर रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी विस्तार से दी। श्री कुशवाहा ने प्राकृतिक खेती के साथ-साथ केंचुआ पालन के विषय में किसानों को विस्तार से बताया तथा कैसे केंचुआ पालन को खेती के साथ-साथ लाभ का धंधा बनाया जाए, उस संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

हत्या के प्रयास में दो साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

संजय नगर कॉलोनी स्थित घर पर दबिश देने पहुंची पुलिस को देखकर भागने लगा, घेराबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हत्या के प्रयास के मामले में करीब दो साल से फरार चल रहे 3 हजार के इनामी आरोपी को गोपालगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी था। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने संजय नगर कॉलोनी स्थित उसके घर पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम जैन (32), पिता स्व. श्रीपाल जैन, निवासी संजय नगर कॉलोनी, थाना सिविल लाइन, सागर के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध गोपालगंज थाने में अपराध क्रमांक 23/2024 के तहत आईपीसी की धारा 294, 307, 147, एवं 180 में प्रकरण दर्ज है। मामले में फरार रहने के कारण पुलिस अधीक्षक सागर ने उसकी गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। न्यायालय ने 22 मई 2024 को आरोपी के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।



मुखबिर की सूचना पर बनाई टीम

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फरार इनामी आरोपी शुभम जैन अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पहचान की पुष्टि के बाद उसके विरुद्ध जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट की तामील की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में की गई।



नवरात्रि में कन्या पूजन के साथ कन्या सुरक्षा का भी लें संकल्पः अविराज सिंह

भजन महोत्सव में महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का पाठ, 4 हजार साड़ियों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन के साथ बेटियों की सुरक्षा और सम्मान का संकल्प भी लेना चाहिए। नारी शक्ति का वास्तविक सम्मान तभी है, जब उसे समाज में सुरक्षित वातावरण और समान अवसर मिलें। नवरात्रि आत्मानुशासन, साधना और आत्मविकास के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। 11 अक्टूबर को बाघराज वार्ड स्थित सोमनाथपुरम के पास पार्षद राजकुमार पटेल के आयोजन में नवरात्रि भजन महोत्सव हुआ। भजन गायक मनीष अग्रवाल की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में भावविभोर किया। अविराज सिंह ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का पाठ किया।

आयोजन में राजकुमार पटेल की ओर से महिलाओं को 4 हजार साड़ियों का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी, सुशील तिवारी, समिति अध्यक्ष मोतीलाल दादा कुशवाहा, लक्ष्मण सिंह, हरिश्चंद्र पटेल, राजकुमार पटेल, कंचन सोमेश जड़िया, रूबी पटेल, शैलेश जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 52 नग सागौन की लकड़ी जब्त

सागर। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व अंतर्गत गेम परिक्षेत्र झापन की बीट सोमखेड़ा से लगे ग्राम सुहेला में वन विभाग की संयुक्त टीम ने 52 नग सागौन की लकड़ी जब्त की है। यह कार्रवाई मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। वनमंडल अधिकारी के अनुसार, वनक्षेत्रपाल सुश्री मनीषा मुकाती के नेतृत्व में परिक्षेत्र मोहली एवं झापन की संयुक्त टीम ने सर्च वारंट के आधार पर सुहेला निवासी भीकम सिंह पिता करण सिंह लोधी के घर पर दबिश दी। घर पर ताला लगा होने के कारण ग्राम सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में घर के आसपास तलाशी ली गई। इस दौरान 52 नग इमारती लकड़ी सागौन जब्त की गई। कार्रवाई में परिक्षेत्र मोहली एवं झापन के वन विभागीय अमले के साथ पुलिस चौकी इमलिया का स्टाफ भी शामिल रहा।



'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान : सत्य साई सेवा समिति ने की बाघराज माता मंदिर की सफाई

सागर। श्री सत्य साई सेवा समिति ने 'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान के तहत नवरात्रि की प्रथमा पर रविवार को बाघराज स्थित माता मंदिर परिसर की सुबह सफाई की। मंदिर के मुख्य द्वार से पीछे के रास्ते तक किनारे से कंटीली झाड़ियों को काटा, कांच, डिस्पोजल, सड़ी-गली पन्नी, पुराने गले मैले वस्त्र-झंडों को हटाया। परिसर के दुकानदारों को भी परिसर गंदा न करने की सलाह दी तथा प्रसाद चढ़ाने वालों को नारियल, केले के छिलके तय जगह फेंकने के लिए जागरूक किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि यह अभियान दो अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। संयोजक जितेंद्र यादव ने बताया कि अब तक स्टेशन का फुटपाथ, परेड मंदिर, राममोहर लोहिया पार्क, चौपड़ा मंदिर तिली, द्दू दरबार आदि में सफाई की जा चुकी है। संगठन के सभी सदस्य बढ़-चढ़ कर सेवा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सेवादल व गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

संदीपनी विद्यालय की व्यवस्था सुधारने के आदेश से किसे परेशानी?

पार्किंग व्यवस्था सुधारने दो शिक्षकों को सौंपी जिम्मेदारी आदेश को लेकर विवाद की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

संदीपनी शासकीय साबूलाल हाई सेकेंडरी स्कूल, गढ़ाकोटा में पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए प्राचार्य द्वारा दो शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपे जाने का मामला चर्चा में है। 30 सितंबर 2026 को जारी आदेश के बाद कथित नाराजगी और प्राचार्य पर दबाव बनाने की आशंका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना शेष है।

पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए जारी हुआ आदेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय परिसर में वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित करने के उद्देश्य से प्राचार्य ने दो शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी। आदेश के तहत संबंधित शिक्षकों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देकर पार्किंग व्यवस्था सुचारु कराने की जिम्मेदारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखना और दैनिक गतिविधियों को व्यवस्थित करना बताया गया है।



व्यवस्था सुधारने के प्रयास पर सवाल क्यों?

विद्यालय में अनुशासन और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्राचार्य की प्रशासनिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। ऐसे में पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए जिम्मेदारी तय करने संबंधी आदेश पर विवाद की चर्चा ने कई सवाल खड़े किए हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ लोग इस मामले को लेकर प्राचार्य के खिलाफ नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित पक्षों का पक्ष सामने आना आवश्यक है। शैक्षणिक संस्थानों में कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निर्धारित की जाती है। यदि किसी आदेश को लेकर किसी शिक्षक या कर्मचारी को आपत्ति है, तो उसका समाधान नियमानुसार किया जाना चाहिए, ताकि विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित न हो।

निष्पक्ष जांच से सामने आएगी वास्तविकता

अब सवाल यह है कि पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए जारी आदेश को लेकर आपत्ति के वास्तविक कारण क्या हैं? क्या प्राचार्य पर अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है, या विवाद के पीछे कोई अन्य वजह है? इन सवालों का जवाब संबंधित पक्षों के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ही मिल सकेगा।

विद्यालय में विद्यार्थियों के हित, अनुशासन और बेहतर व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यदि आदेश को लेकर कोई विवाद है, तो संबंधित विभाग को दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्षता से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक विवाद से विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित न हो।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण 12 से 15 अक्टूबर तक

सागर । जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र दिनांक 6 फरवरी 2026 के संदर्भ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक मध्यप्रदेश में संपादित किया जा चुका है, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 में की जानी है। इस कार्य को समय पर संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। इसी अनुक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष सागर में आयोजित किया गया है, जिसमें श्रीमती अनामिका जैन एवं श्री पवन कुमार मिश्रा भोपाल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 12 एवं 13 अक्टूबर को जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं जिला कार्यालय के जनगणना लिपिक के साथ-साथ चार्ज अधिकारी ग्रामीण के रूप में समस्त तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी ग्रामीण, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना तथा चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 14 एवं 15 अक्टूबर को चार्ज अधिकारी नगरीय के रूप में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर एवं जनगणना लिपिक, समस्त मुख्य नगर पालिका एवं नगर परिषद अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी नगरीय, जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक तथा मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद सागर एवं जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे नियत तिथियों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि द्वितीय चरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

एसआईआर 2026: कोई पात्र मतदाता न छूटे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

सागर। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी रामेश्वर नामदेव, भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला शाखा सागर के सचिव रामचरण लम्बरदार तथा जिला कांग्रेस कमेटी सागर के जिला प्रभारी शैलेन्द्र तोमर उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिकों तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की जानकारी दी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।



सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच संचालन डॉ. पवन कुमार शर्मा द्वारा किया गया। डॉ.घनश्याम भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सड़क पर चलते समय तथा वाहन चलाते समय सजग रहने की आवश्यकता है। मतदाता जागरूकता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक के सभी युवाओं को अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाकर अपना मतदाता परिचय पत्र अनिवार्य रूप से बनवाना चाहिए। कार्यक्रम की नोडल प्रभारी रश्मि कुर्मी ने कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में आकाश सेन तथा चंद्रप्रताप सिंह मरकाम ने सड़क सुरक्षा और मतदाता जागरूकता पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। आभार आदर्श सोनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र अनुज कुर्मी, दुर्गाबाई, दीपक अहिरवार तथा अन्य छात्र, छात्राओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

स्वामित्व योजनाः काम न करने वाले पटवारियों पर होगी सख्त कार्रवाईः निलंबन और टर्मिनेशन के निर्देश

सागर। स्वामित्व योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने और हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी लापरवाही पर वाले पटवारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्वामित्व योजना की समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का सत्यापन समय-सीमा में पूर्ण कराएं। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर परिवीक्षाधीन पटवारियों के विरुद्ध टर्मिनेशन सहित अन्य पटवारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पटवारी हल्का क्षेत्र में प्रकरणों का इनीशिएशन और सत्यापन सुनिश्चित कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। संबंधित पटवारी अपने-अपने हल्के में जाकर स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से चर्चा करें तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ाएं। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर प्रकरणों का सत्यापन कर मामलों को समय पर सबमिट किया जाए।

नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने भरी हुंकार, जागरूकता रैली से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

अग्रणी महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने जगाई नशामुक्ति की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता के निर्देशन में युवा शक्ति ने नशे के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी। महाविद्यालय द्वारा नशा उन्मूलन एवं सामाजिक चेतना के उद्देश्य से एक विशाल एवं प्रभावशील 'नशा मुक्ति जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से अनुशासित एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने समाज को नशामुक्त, स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का मजबूत संदेश दिया।

रैली के दौरान हाथों में नशा विरोधी संदेशों से सुसज्जित बैनर, तख्तियां और नारे लिखी पट्टिकाएं थामे विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से जन-जन को नशे के विनाशकारी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो—स्वस्थ युवा, समृद्ध समाज जैसे



गगनभेदी नारों से समूचा परिसर एवं मार्ग गुंजायमान हो उठा।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं। यदि हमारी युवा पीढ़ी ही नशे के अंधकार में भटक जाएगी, तो यह समूचे समाज और देश की प्रगति के लिए एक गंभीर चुनौती है। आज का समय युवाओं को सही दिशा दिखाने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक व रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का है। हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों को मात्र किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उनमें सामाजिक दायित्व, नैतिक मूल्य और राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने के लिए भी संकल्पित है। यह रैली उसी दिशा में हमारा एक सशक्त कदम है।

इस वृहद आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना, उनमें स्वास्थ्य एवं जनसेवा के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना तथा समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा।

कार्यक्रम का सफल आयोजन संयोजक डॉ. जय नारायण यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं डॉ. शिखा चौबे की सक्रिय सहभागिता में संपन्न हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने रैली की सफलता पर सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की।

व्यापारियों ने धरना देकर केंद्र से शुल्क व्यवस्था वापस लेने की मांग

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में प्रदर्शन, 15 को काला दिवस मनाने का ऐलान

प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर सहित सैकड़ों व्यापारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट शुल्क लगाए जाने के विरोध में शनिवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यापारियों ने आंदोलन के दूसरे चरण में जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सिविल लाइन स्थित एक होटल से एकत्रित होकर सैकड़ों व्यापारियों ने जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया और एमडीआर शुल्क व्यवस्था वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर विचार नहीं होने की स्थिति में 15 अक्टूबर को देशभर में काला दिवस मनाया जाएगा। व्यापार मंडल की ओर से प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। इसमें यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित अथवा लागू एमडीआर व्यवस्था की समीक्षा कर इसे वापस लेने की मांग की गई।

ज्ञापन की प्रतिलिपि वित्त मंत्रालय सचिव, भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को भी भेजने के लिए दी गई। व्यापारियों का कहना है कि यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को आसान और पारदर्शी बनाया है। व्यापारियों ने भी डिजिटल भुगतान व्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में यूपीआई भुगतान पर एमडीआर शुल्क लगाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों की लागत बढऩे तथा मुनाफा घटने की आशंका है। किराना, कपड़ा, हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्यान्न, कृषि सामग्री, थोक एवं खुदरा कारोबार जैसे क्षेत्रों में पहले से ही कम लाभ पर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों पर इसका अधिक असर पड़ सकता है। ज्ञापन में कहा गया कि 2,000 रुपये से अधिक के पात्र मर्चेंट लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क की व्यवस्था की समीक्षा की जानी चाहिए। व्यापारियों ने छोटे कारोबारियों को मिलने वाली शून्य एमडीआर की सीमा को एक लाख रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर कम से कम पांच लाख रुपये करने अथवा छूट को वार्षिक कारोबार के आधार पर निर्धारित करने का सुझाव दिया। व्यापार मंडल ने एमडीआर शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने से व्यापारियों की लागत बढऩे का मुद्दा भी उठाया। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ तभी मिल सकेगा, जब संबंधित शुल्क का उचित विवरण और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होंगे। वहीं, अपंजीकृत छोटे व्यापारियों के लिए यह अतिरिक्त लागत उनकी आजीविका पर असर डाल सकती है। व्यापारियों ने बैंक और भुगतान प्लेटफॉर्म से संबंधित शुल्कों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। व्यापार मंडल ने सामान्य मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर शुल्क वापस लेने, छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर नीति को प्राथमिकता देने, कम मुनाफे वाले कारोबार के लिए रियायती दरें निर्धारित करने तथा डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारियों को प्रोत्साहन देने की मांग की। इसके अलावा एमडीआर की वार्षिक समीक्षा, व्यापारी संगठनों से परामर्श और आरबीआई, एनपीसीआई, बैंकों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की स्थायी सलाहकार व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया गया। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वह डिजिटल भुगतान या यूपीआई व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, बल्कि चाहते हैं कि डिजिटल भुगतान प्रणाली व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए कम लागत वाली तथा व्यावहारिक बनी रहे। उनका कहना है कि भुगतान स्वीकार करने की लागत बढऩे से छोटे कारोबारी नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने लग सकते हैं।

धरना-प्रदर्शन में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज जैन, अशोक अनौरा, मुन्नालाल जैन एड., अभय जैन एड., संजय खन्ना, संजीव कप्तान, मुकेश जैन, मनोज सोनी, राहुल मोदी, अंकित सतभैया, नितेश जैन रानू, राजवीर सिंह, पार्षद आलोक मयूर, अशोक पंथ, प्रदीप चौधरी, प्रमोद सराफ, नितेश राठौर, जगदीश जैन, डा.प्रीतम सराफ, विजय जैन, ऋषभ जैन, अरविंद जैन, शोभित समैया, रिक्की, शुभम जैन, अविरल जैन, शुभंकर सुडेले, राजू, विशाल जैन, दीपक चौधरी, अंकित, सूरज जैन, अजमेरी खान, निलेश जैन, अनिमेष जैन, जयनारायण शर्मा, नितिन जैन, स्वप्निल नायक, प्रदीप जैन, सनत जैन, लक्ष्मीनारायण साहू, विजय, उदयभान सिंह यादव, मोहम्मद नईम, शैलेंद्र जैन, इंजी.विनय जैन, द्वारका प्रसाद, पंचम जैन, गजेंद्र जैन, भोजराज, वीरेंद्र जैन, अनूप जैन, विनोद जैन, संजय जैन, रोहित जैन, शुभम जैन, राजीव सुडेले, गौरव सोनी, राकेश कुशवाहा, राजीव जैन, सुनील, रामप्रकाश साहू, सुनील, सुशांत जैन, सुरेंद्र जैन, अभिषेक जैन, राजेश जैन, गजेंद्रसिंह, सर्वज्ञ जैन, सत्यनारायण, हरगोविंद, विजय, अनिल, जगभान सिंह आदि शामिल हुए।

स्कूलों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचीं टीमें

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा को लेकर ललितपुर पुलिस ने शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपदव्यापी जागरूकता अभियान चलाया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों, एंटी रोमियो टीमों और महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाव, यौन उत्पीडऩ, छेड़छाड़, पीछा करने, दहेज उत्पीडऩ, बाल विवाह और बाल श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों की शिकायत करने, कानूनी सहायता प्राप्त करने और महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी या अन्य संवेदनशील विवरण साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और फर्जी कॉल के जरिए मांगी जाने वाली वित्तीय जानकारी देने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर मनचलों और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी गई। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, पीछा करने या उत्पीडऩ की घटना होने पर बिना झिझक पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सहायता, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। ललितपुर पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और किसी भी अपराध या उत्पीडऩ की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

भाजपा ने स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर उच्च नेतृत्व के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के अधिंकाश जिलों में चल रहे स्नातक/ शिक्षक विधानपरिषद निर्वाचन को लेकर आज ललितपुर जिला कार्यालय पर भी स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

वैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा हमारे प्रदेश नेतृत्व द्वारा इन चुनावों को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं को लगन से जुटने के लिए कुछ निर्देश दिए गए हैं इन्हीं को लेकर आज इस बैठक में चर्चा की जा रही है तथा स्नातक विधानपरिषद चुनाव को लेकर उच्च नेतृत्व के निर्देश पर आगामी रुपरेखा वनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को यह समझ कर चुनाव कार्य करना है जैसे वह स्वयं चुनाव लड़ रहा हो।मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा नाम वापसी के बाद अब सारे प्रत्याशियों की तश्वीर सामने आ गयी है ।

इस चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को उसके दायित्व से अवगत भी करा दिया गया है और टीम भावना से काम करते हुए हम लोग निश्चित रूप से अधिक से अधिक मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाने में सफल होंगे तथा चुनाव में हमारी एक तरफा जीत होगी बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया।अन्त में गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी ने ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड,जिला सह संयोजक बब्बू राजा बुंदेला, जिला महामंत्री गौरव गोतम,रजनी अहिरवार, गन्धर्व सिंह लोधी बाबू जी,ई हाकिम सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सन्तोष कुशवाहा, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, दीपक पाराशर, भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला प्रदीप खटीक, कल्लन कुशवाहा डा बालकिशन राजपूत,जगभान सिंह राजपूत एड डा जगवीर सिंह ,त्रिपति रावत, पंकज जैन,रवि साहू ,गजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

मनाया गया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस, बहुजन समाज को जागरूक व संगठित करने का लिया संकल्प

भीम आर्मी, भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज के जननायक मान्यवर कांशीरामजी का परिनिर्वाण दिवस बार मेला ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से भीम आर्मी, भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस दौरान वक्ताओं ने मान्यवर कांशीराम के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना संपूर्ण जीवन बहुजन समाज को जागरूक करने, उसे संगठित करने और राजनीति में उसकी भागीदारी बढ़ाने के लिए समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक समानता, अधिकारों और राजनीतिक चेतना के प्रसार के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को शिक्षा, संगठन और अधिकारों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर उनके जीवन संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रयासों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया, ताकि नई पीढ़ी भी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। अध्यक्षता भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दीपक गौतम ने की, जबकि संचालन राहुल गौतम, मंडल सह-संयोजक ने किया। इस दौरान रमाकांत चौधरी, बलराम अंबेडकर, देवीसिंह गौतम, मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, इंद्रपाल सूर्यवंशी, खलक कंचन, सीताराम चौधरी, बलराम चौधरी और जीवन सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया पत्र

विजय सिंह बने समाजवादी मजदूर सभा जिलाध्यक्ष



ललितपुर। समाजवादी मजदूर सभा में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्राम एवं पोस्ट पारोल निवासी विजय सिंह पुत्र कामता प्रसाद खंगार को समाजवादी मजदूर सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने मनोनयन पत्र जारी किया है। इसके तहत विजय सिंह को ललितपुर में संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन के बाद उनसे संगठन को मजबूत करने, मजदूरों एवं श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई है। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जिले में समाजवादी मजदूर सभा की गतिविधियों को गति मिलेगी और श्रमिकों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। विजय सिंह के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की कामना की।

शनि अमावस्या पर सिद्धपीठ शनिधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

विशेष पूजा-अर्चना, मंगल अर्जियां और तेलाभिषेक के बाद की महाआरती, भजन संध्या व प्रसादी भंडारे में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्राद्ध पक्ष की सर्वपितृ अमावस्या एवं शनि अमावस्या के पावन पर्व पर शनिवार को सुम्मेरा तालाब स्थित बीच के बंध पर श्रीश्री 1008 सिद्धपीठ शनिधाम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महापर्व पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने बाबा शनिदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। शनि अमावस्या के अवसर पर सिद्धपीठ शनिधाम में बाबा शनिदेव के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना, मंगल अर्जियां, तेलाभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके उपरांत विधि-विधान से महाआरती की गई। मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं भजन संध्या में बाबा शनिदेव की महिमा का गुणगान किया गया। इसके साथ ही प्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापर्व के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा शनिदेव के समक्ष शीश नवाकर परिवार में सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर मंजीत सिंह परमार, अखिलेश शर्मा मोन्टू, गिरीश साहू, जे.पी. कुशवाहा, अशोक कुमार रामनगर, अर्जुन रायकवार, रामप्रसाद कुशवाहा, भगवानदास, निर्मल कुमार, शिवम रैकवार, योगेश कुशवाहा, कौशल किशोर नगाईच, संतोष ठेकेदार, गोलू कुशवाहा, नवल, शिशुपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खेत पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र में खेत पर खड़ी एक मोटर साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम गनगौरा मजरा रावगढ़ निवासी अयोध्या प्रसाद राजपूत पुत्र स्व. हीरालाल 30 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे अपनी मोटर साइकिल नंबर य से महेशपुरा -गंगारी मार्ग स्थित अपने खेत पर गए थे। उन्होंने मोटर साइकिल खेत के पास खड़ी कर दी और कृषि कार्य में जुट गए। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटे, तो मौके से मोटर साइकिल गायब मिली। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाना कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश की जा रही है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

ललितपुर सेवा ग्रुप की सदस्य ने ओ पॉजिटिव रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

अध्यापिका सपना ने पहली बार किया रक्तदान, अब करेंगी जरूरतमंदों की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दूसरों को शिक्षा देने वाली अध्यापिका सपना कौर ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज को मानवता, सेवा और परोपकार का प्रेरणादायक संदेश दिया। ललितपुर सेवा ग्रुप रजि. की सदस्य सपना कौर ने मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर पहली बार रक्तदान किया।



उन्होंने ओ पॉजिटिव (ओ+) रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की। पहली बार रक्तदान करने के बाद सपना कौर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि रक्तदान करके उन्हें बेहद अच्छा महसूस हुआ। उन्हें न तो थकान हुई और न ही चक्कर जैसी कोई परेशानी महसूस हुई। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर मन में जो आशंकाएं थीं, वे पहली बार रक्तदान करने के बाद दूर हो गईं। अब उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया है। ललितपुर सेवा ग्रुप अध्यक्ष अंकुर सानू बाबा ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद मरीज को जीवन बचाने में सहयोग देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से किसी मरीज की जान बच सकती है और उसके परिवार की खुशियां बरकरार रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण कीमती होता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि रक्त की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। अंकुर सानू बाबा ने सपना कौर के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मानव सेवा के कार्यों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उनका यह प्रयास अन्य लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान संरक्षक इंजी.सतीश जैन, सदस्य विजय पाल सिंह, अंकित सराफ, हरिओम पटैरिया और आशीष उपाध्याय सहित ब्लड बैंक का स्टाफ उपस्थित रहा।

कर्बला, पंडित घाट और जति घाट का होगा 55 लाख से जीर्णोद्धार

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होंगे सीप नदी के तीन घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उपेक्षा के चलते अपना अस्तित्व खोती जा रही सीप नदी को वापस पुराने स्वरूप में लाने एवं नदी किनारे बने घाटों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के तहत नगर पालिका परिषद शहर के तीन प्रमुख घाटों का जीर्णोद्धार कर उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेगी। सूत्रों की माने तो इसके लिए लगभग 55 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल चुकी है। यह पैसा एमपी टूरिज्म द्वारा विकसित करने के लिए चुने गए 5 घाटों के अलावा है। याद हो कि एमपी टूरिज्म ने भी शहर के 5 घाटों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है।

17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित हुए सेवा सप्ताह समर्पण अभियान के शुभारम्भ अवसर पर दीपदान कार्यक्रम में शामिल होने आए मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा किए गए भ्रमण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने शहर के विकास के लिए जो मांग पत्र सौपा था उसमें सीप नदी के घाटों का जीर्णोद्धार करना भी शामिल था जिसमें घाटों को विकसित करने की योजना थी। इस योजना के तहत आयुक्त ने शहर के तीन प्रमुख घाट कर्बला, पंडित घाट एवं जति घाट को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की स्वीकृति देते हुए करीब 55 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इन 55 लाख रुपए से इन घाटों पर नया निर्माण और सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि लोगों का जुड़ाव दोबारा सीप से हो सके। सरकार से इन कामों की स्वीकृति में वन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रामनिवास रावत की भी महत्वपूर्ण भूमिका है जिन्होंने अपने प्रभाव के चलते यह राशि नगर पालिका को दिलाने के लिए पहले की थी।



पंडित घाट पर शुरू होगी बोटिंग

सीप नदी के घाटो को विकसित करने के लिए जो डीपीआर तैयार की गई है उसके अनुसार पंडित घाट पर 9 लाख 80 हजार रुपए लागत से नया एक अतिरिक्त घाट निर्माण किया जाएगा। साथ ही यहां से वोटिंग व्यवस्था भी की जाएगी। इसके लिए एमपी टूरिज्म के माध्यम से बंजारा डेम के नाम पर मिली पैडल वोट का उपयोग किया जा सकता हैं।

कर्बला और जति घाट पर खर्च होंगे 45 लाख

बताया गया है कि इस योजना के तहत कर्बला घाट और जति घाट को भी पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा यहां पर आवश्यकता अनुसार कक्ष बनाए जाएंगे जिसमें रेस्टोरेंट भी संचालित होगा और दूसरे साधन मुहैया कराए जाने हैं। इस काम के लिए दोनों घाटो के लिए 45 लाख रुपए की स्वीकृति मिलना बताई जा रही है। पंडित घाट, कर्बला और जाति घाट तीनों पास पास-पास होने से इन घाटों का कोरिडोर भी बनाने की योजना है।

5 घाटों को तीन करोड़ से विकसित करेगा एमपी टूरिज्म बोर्ड

इससे पहले एमपी टूरिज्म बोर्ड ने शहर के पांच घाटों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। जिसमें 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। जिन घाटों को एमपी टूरिज्म बोर्ड ने विकसित करने के लिए चुना है उनमें कदवाल नदी स्थित गुप्तेश्वर घाट, किला बस्ती में स्थित सोनेश्वर घाट, जति घाट, गिर्राज घाट, पंडित घाट शामिल है।

इनका कहना...

नगर पालिका अध्यक्ष रेनू सूजीत गर्ग के प्रयास से तीन घाटों कर्बला, पंडित घाट एवं जति घाट के लिए करीब 55 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है शीघ्र ही पंडित घाट से सैलानियों के मनोरंजन के लिए बोटिंग व्यवस्था की जायगी।

टोनू गौतम
पार्षद प्रतिनिधित्व वार्ड 23 श्योपुर

नेशनल हाईवे 552 पर रायपुरा बस स्टैंड पर हादसा

गाय को बचाने के फेर में हाईवे पर पलटा ऑटो, एक की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नेशनल हाईवे 552 पर शनिवार की रात साढे नौ बजे के आसपास एक ऑटो हाइवे पर बैठी गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने के दौरान उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो महिलाओ समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। ऑटो में सवार लोग मजदूरी करके वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए ऑटो को जब्त कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ऑटो में सवार दर्जनभर लोग कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम पहेला के निवासी है। यह लोग राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के बोदल क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए गए थे। शनिवार को यह लोग मजदूरी करके वापस अपने गांव ऑटो में सवार होकर लौट रहे थे। ऑटो में सवार दर्जनभर लोगो में महिला पुरूषो के साथ साथ बच्चे भी सवार थे। शनिवार की रात साढे नौ बजे के आसपास इनका ऑटो रफ्तार अधिक होने के कारण रायपुरा बस स्टैंड पर हाइवे पर बैठी गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित हो गया और अनियंत्रित होने के बाद पलट गया। जिसकारण ऑटो में सवार लोगो में



चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर रायपुरा गांव के लोग दौडे और उन्होने ऑटो को सीधा करके घायलो को बाहर निकाला। इस हादसे के दौरान ऑटो में सवार मुन्ना आदिवासी 28 वर्ष पुत्र कांशीराम आदिवासी निवासी पहेला की मौत हो गई।जबकि सोनू आदिवासी तथा उसकी पत्नी घोडी बाई आदिवासी,बेटी निशा आदिवासी तथा सुरेश आदिवासी की पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए श्योपुर जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने सोनू पुत्र अंगद आदिवासी की रिपोर्ट पर ऑटो चालक अशोक प्रजापति निवासी बोदल जिला सवाईमाधोपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसके ऑटो भी जब्त कर लिया तथा रविवार को पीएम के बाद मृतक के शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

इधर गाय से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर भी बीती रात को गाय से टकराने जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा सेसईपुरा थाना क्षेत्र में घटित हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सेसईपुरा थाना पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र 50 वर्ष पुत्र बाबू लोहपीटा निवासी सेसईपुरा जब शनिवार की रात को बाइक से गतंव्य की ओर जा रहा था,तभी श्योपुर शिवपुरी रोड पर धमेला के पास उसकी बाइक के आगे अचानक गाय आ गई। गाय से उसकी बाइक टकरा जाने से जितेन्द्र लोहपीटा की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनो को सौप दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्री अग्रसेन सेवादल का गठन चौथमल सर्राफ चुने गए संयोजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले के अग्रवाल समाज ने श्री अग्रसेन सेवादल का गठन करते हुए समाजसेवी चौथमल सर्राफ को संगठन का प्रथम संयोजक भी चुना है। इन दिनों चल रहे अग्रसेन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत रविवार को अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में हाथों में लाठियां लेकर बाजार में निकले और अग्रसेन जी की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर समाज का संरक्षण करने का संकल्प लिया।

इस दौरान अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश जिंदल ने कहा कि अग्रवाल समाज को डराने धमकाने और लूट करने जैसी वारदाते उनके साथ आए दिन होती रहती है। ऐसी घटनाओ से समाज को बचाने के लिए अग्रवाल समाज खुद आत्मनिर्भर बनेगा और समाज के लोगों के साथ होने वाले अत्याचार को डटकर मुकाबला भी करेगा। इसलिए श्री अग्रसेन सेवादल का गठन किया गया है। अभी समाजसेवी चौथमल सर्राफ को इस दल का संयोजक नियुक्त किया गया है। आगे समाज के हर व्यक्ति को इस दल से जोडा जाएगा।



पप्पू भाई बने फोटोग्राफर यूनियन के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आजाद स्टूडियो के संचालक वरिष्ठ फोटोग्राफर पप्पू भाई फोटोग्राफर यूनियन के अध्यक्ष बनाए गए हैं। उनका निर्वाचन विगत दिनों जिले के समस्त फोटोग्राफरों की आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से लिया गया। मेन मार्केट स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित हुई फोटोग्राफरों की बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि शादी विवाह और दूसरे आयोजनों के समय कुछ लोग फोटोग्राफरों से काम कराने के बाद उन्हें पेमेंट नहीं देते हैं। ऐसी स्थिति में दूसरे फोटोग्राफरों से वह काम भी निकलवा लेते हैं। यूनियन में तय हुआ कि ऐसे किसी भी ग्राहक के यहां कोई फोटो ग्राफ़र वीडियो ग्राफ़ी करने अथवा फोटो खींचने नहीं जाएगा जिसका किसी अन्य फोटोग्राफर से कार्यक्रम का पैसा उधार हो। वीडियो बनाने एवं फोटो खींचने के काम में एकरूपता बनाए रखने का भी निर्णय लिया गया, ताकि कंपटीशन के चक्कर में ना तो फोटोग्राफर को नुकसान हो और न ही ग्राहक को,सभी कार्यक्रम की रेट फिक्स की जाए ताकि ग्राहक का विश्वास बना रहे। इसके अलावा भी कई निर्णय लिए गए।



आज छह ग्रामों में लगेंगे ई-केवायसी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों के आधारकार्ड, समग्र आईडी एवं ई-केवायसी अपडेट करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 12 अक्टूबर को विजयपुर विकासखण्ड के सुखवास, सुमरेरा में, कराहल विकासखण्ड के बुढेरा, गोठरा में एवं श्योपुर के ददूनी, ढोढपुर ग्राम में प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले उक्त शिविरों के लिए शिविर प्रभारी नियुक्त किये गये है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामवासियों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी आदि अपडेट किये जायेंगे, जिससे योजनाओं में तकनीकी त्रुटियों के चलते लाभ नही मिलने की समस्या को दूर किया जायेगा, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।



24 लाख मंत्र के संकल्प के सामूहिक गायत्री जप शुरू

श्योपुर। गायत्री परिवार श्योपुर ने पूरे जिले में 24 लाख गायत्री मंत्र जाप का लक्ष्य नवरात्रि के दौरान रखा है, जिसकी शुरुआत रविवार को नवरात्रि के पहले दिन से की गई। इस दौरान गायत्री महायज्ञ एवं सामुहिक जप का क्रम प्रारंभ किया गया। जप अनुष्ठान के दौरान सभी परिजन व्रत भी करते हैं। महायज्ञ के दौरान जिला समन्वयक चौथमल शर्मा, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान, कैलाश पाराशर,डॉ ओम प्रकाश टकसाली, ब्रजनेश सिंह परिहार, लेखराज सुमन, सुगनचंद रावत, बंटी लोधा, पुष्पेंद्र प्रखर, अंजलि गौर, शिवाशी, कैलाश नारायण राठौर, महेश राठौर, प्रमोद शर्मा, सहित,अन्य परिजन उपस्थित रहे।

ढोढर में मनी अग्रसेन जयंती,चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर कस्बे में अग्रवाल समाज के द्वारा रविवार को अपने आराध्य अग्रसेन जी महाराज का जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया। अग्रसेन जी महाराज का विधिवत पूजा अर्चना किए जाने के बाद अग्रवाल समाज के द्वारा चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में समाज के लोगो ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। गाजेबाजे के साथ निकला यह चल समारोह गिर्राज जी मंदिर, मिडिल स्कूल, सब्जी मंडी, पुराना बाजार, बगदिया तिराहा, अनाज मंडी, श्रीजी मंदिर, पुराना बाजार होते हुए अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहां सहभोज का आयोजन किया गया।

जिसमें समाज के लोगो ने परिवारपहुंचा शाम को प्रतिभोज हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत ढोढर के सरपंच नारायण प्रसाद गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष जितेंद्र गोयल पिंटू, महामंत्री रामू गर्ग, देवेंद्र गर्ग, भरोसी लाल गर्ग, रवि गोयल, नारायण लाल गर्ग, गिर्राज प्रसाद मित्तल, देवी शंकर गोयल, रमेश चंद, शकुन गोयल, त्रिलोक गोयल, दिनेश गोयल, मोहन बाबू गोयल गिर्राज प्रसाद गोयल, कैलाश मित्तल, संजय मित्तल, महावीर गोयल, अनिल गर्ग, मुकेश सिंघल, रिंकू गोयल, गोविंद गोयल, कमलेश गोयल, भास्कर गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।



बीरपुर कस्बे में निकाली शोभायात्रा

बीरपुर कस्बे में भी रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिससे पूरे नगर में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल निर्मित हो गया। ढोल-नगाड़ों के साथ सेंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए अग्र बन्धुओ का नगर में दूसरे सम्प्रदाय जाति के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



डीईओ ने किया सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने सांदीपनि शासकीय विद्यालय श्योपुर का भ्रमण कर विद्यालय भवन में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन के विभिन्न हिस्सों, कक्षों एवं अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा शेष कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने पर जोर दिया।



चल समारोह निकाल कर पंडालों तक पहुंचाई मूर्तियां

घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त,जगह-जगह पंडालों में विराजी माताराणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर.

शारदीय नवरात्रि पर्व पर रविवार को देवी मंदिरों और घरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति और उपासना शुरू हो गई और श्रद्धालु मां की भक्ति में तल्लीन हो गए। शहर में बैंडबाजे के साथ चल समारोह निकालकर डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर सजे पांडालों में विधिविधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। दुर्गा पांडालों में आरती के समय दर्शनार्थियों की खासी भीड़ जुटी। इसके साथ ही नवरात्रि के दौरान अध्यात्म और भक्ति की बयार के बीच आकर्षक झांकियां, जगराते, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया नृत्यों की धूम शुरू हो जाएगी। उधर श्रद्धालु भी शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है।

शहर में नवरात्रि प्रतिपदा पर दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह के लिए विभिन्न मोहल्ला समितियों की ओर से सुबह जल्दी ही तैयारियां शुरू कर दी गईं। देवी प्रतिमाओं को जहां से चल समारोह निकाला जाना था पहले वहां पहुंचाया। बाद में बैण्डबाजों के साथ चल समारोह निकलने शुरू हो गए। चल समारोह में रंग-गुलाल उड़ाते और बैंडबाजों की मधुर धुनों पर झूमते-नाचते देवी के भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह अपने-अपने पांडालों में पहुंचे। जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समिति के पदाधिकारियों ने विधिविधान से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की और पूजा-अर्चना के साथ आरती उतारी।



इन स्थानों पर सजे मां के दरबार

शारदीय नवरात्रि के मौके पर घटस्थापना के साथ ही नगर के फक्कड़ चौराहा, वार्ड क्रमांक 10, कॉलेज के पास, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे क्रॉसिंग के पास शिवनगर कॉलोनी, गांधी पार्क, पंडित पाड़ा, चिंताहरण हनुमान मंदिर पुल दरवाजा, हरिजन मोहल्ला, आनंद नगर,सलापुरा तथा जेल के पीछे स्थित न्यू कलेक्ट्रेट कॉलोनी में भी माताराणी के भव्य दरबार सजाए गए हैं।



अंचल में भी सजे माता के दरबार

जिला मुख्यालय के साथ ही अंचल के बड़ौदा, विजयपुर, वीरपुर, कराहल, सोंईकलां, मानपुर सहित अन्य गांवों और कस्बों में भी माताराणी के पांडाल सजाए गए हैं। क्षेत्र में पनवाड़ माता मंदिर और दुर्गापुरी माता मंदिर पर इन नौ दिनों में भारी भीड़ भाड़ रहती है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय पंचायत प्रशासन द्वारा पीने के पानी व साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की है।

16 को गौतम धर्मशाला में होगा गरबा महोत्सव

शहर के किला रोड स्थित गौतम ब्राह्मण धर्मशाला में 16 अक्टूबर शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गौतम ब्राह्मण महिला मंडल एवं युवती मंडल श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। बताया गया है कि कार्यक्रम की शुरूआत 16 अक्टूबर को शाम 6 बजे माताराणी की आरती और पूजा के साथ होगी। इसके बाद गरबा एवं डांडिया का आयोजन किया जाएगा। रात पौने दस बजे कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

शहर की शिवनगर कॉलोनी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

तीसरी मंजिल पर बने कमरे में महिला की फांसी लगाने से मौत, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बायपास रोड क्षेत्र स्थित शिवनगर कॉलोनी में रविवार की सुबह एक महिला ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियो के बीच फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक महिला पशु चिकित्सक की पत्नी है। फांसी लगाए जाने के कारणों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक पशु चिकित्सा विभाग में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ एसआर दोहरे की पत्नी ब्रह्मराजा दोहरे 50 वर्ष ने रविवार की सुबह साढे नौ बजे के आसपास उस समय घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में पहुंच गई,जब घर के लोग अन्य कामो में व्यस्त थे। तीसरी मंजिल पर बने कमरे के अंदर जाने के बाद महिला ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और फिर पंखे के कुंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसका पता तब चला,जब उनका बेटा काफी देर बाद भी मां के तीसरी मंजिल से नीचे नहीं आने पर उन्हें देखने के लिए तीसरी मंजिल पर पहुंच गया। कमरे के दरवाजा अंदर से बंद होने पर जब खिडकी से झांककर देखा तो अंदर मां फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। इस मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



पुलिस ने किसी तरह कमरे की कुंदी खुलवाकर घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया और फिर उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालांकि पुलिस ने मर्ग दर्ज करते हुए फांसी लगाए जाने के कारणो की जांच शुरू कर दी है और जांच के बाद ही फांसी लगाए जाने के कारण स्पष्ट हो सकेगे। लेकिन पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान फांसी लगाए जाने का कारण ग्रह क्लेश ही लग रहा है।

खबर संक्षेप

उपचार के दौरान 20 वर्षीय महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत उमरी निवासी भूरिया पुत्री नारायण अहिरवार उम्र 20 साल को हिचकी आने और मुंह से सफेद झाग आने के बाद इलाज के लिए शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। चंदेरी पुलिस ने ग्राम जारसल चक्क निवासी गुलाब सिंह लोधी के पास से 30 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार गुलाब सिंह लोधी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब भी बरामद की गई है।

डीपीसी की रिपोर्ट पर युवा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पर मामला दर्ज

अशोकनगर। पिछले दिनों शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसे लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने एसपी को ज्ञापन सौंपा था और मामला दर्ज करने की मांग की थी। उक्त मामले में कोतवाली पुलिस ने जिला परियोजना समन्वय अधिकारी राहुल शर्मा की रिपोर्ट पर से प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के विरूद्ध जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज किया गया है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी सविता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सचिन, दीपक और गजराज ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सचिन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोनू और प्रकाश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमूसर निवासी सुषमा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरे यादव, मनीषा, किशोरी बाई यादव ने पुराने विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेरा चक्क निवासी महेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरनाम सिंह, हनुमंत सिंह और गिरवल सिंह विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटका पुरा निवासी बृजेन्द्र पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र, विशेष, जस्सू रैकवार व उसकी पत्नि फरियादी की पत्नि को टेक्सी रखने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुरेन्द्र रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजेन्द्र, भारती पाल ने टेक्सी हटाने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी धर्मेन्द्र रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिनेश और राहुल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

ट्रेन से टकराने से डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा की मौत

अशोकनगर। स्थानीय पारासर मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा की अस्पताल के पीछे रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से टकराने के कारण मौत हो गई है। वह अशोकनगर मुख्यालय पर दिगम्बर जैन, ज्ञान सागर आयुर्वेदिक औषाधालय में वैध का कार्य करते थे। उनके दुर्घटना में निधन होने पर उनकी अतिम शव यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



तालाब के पास मिला था शव, पत्नी ने फोन पर धमकी मिलने का किया दावा

हिस्ट्रीशीटर की गला रेतकर हत्या दो आरोपी ललितपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगवासा तालाब के निकट एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बीती शाम अज्ञात बदमाशों ने एक 33 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से गला रेंतकर निर्ममता से हत्या कर दी। युवक शहर में हिस्ट्रीशीटर बताया जाता है। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में भारी दहशत का माहौल है। हत्या में दोनों आरोपी हेमू उर्फ हेमंत पुत्र राजू सोनी निवासी बूढ़े बालाजी गुना एवं संजू साहू उर्फ संजू सैमसन पुत्र परमाल साहू निवासी बूढ़े बालाजी हरिपुर रोड़ गुना को उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है।

वेयरहाउस पर करता था हम्माली का काम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नानाखेड़ी स्थित वेयरहाउस पर हम्माली का काम करने वाले नवनीत उर्फ नब्बू गोस्वामी (33) के रूप में हुई है, जो गुना के ही हनुमंता इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि नवनीत पिछले एक दिन से अपने घर से निकला हुआ था और वापस नहीं लौटा था। शुक्रवार शाम सिंगवासा तालाब के पास उसका शव मिलने से हडक़ंप मच गया। हत्यारों ने बेरहमी से उसका गला रेंतकर मौत के घाट उतार दिया।



पत्नी और परिजनों के गंभीर आरोप

इस सनसनीखेज मामले में मृतक की पत्नी ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। पत्नी का दावा है कि बीती रात करीब साढ़े आठ बजे उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था, जिसमें उसे खुलेआम धमकी दी गई थी कि उसके पति को मार दिया गया है। इतना ही नहीं, मृतक की पत्नी ने खेजरा रोड पर रहने वाली एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नवनीत के उस महिला के साथ संबंध थे और उसी महिला ने उसे फोन करके बुलाया था, जिसके बाद सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या करवा दी गई। वहीं, मृतक के भाई ने भी इस हत्याकांड में चार से पांच लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है और पुलिस के सामने कुछ संदिग्धों के नाम भी उजागर किए हैं।

पुलिस की जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रक्तरंजित शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया, जहां शनिवार को डॉक्टरों की टीम द्वारा पीएम कराया गया। पुलिस ने परिजनों के बयानों और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

इनका कहना है...

सिंगवासा तालाब के पास हत्या हुई है। जिसमें पुलिस को रात में सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को मारकर वहां छोड़ दिया है। पुलिस ने शव को बरामद कर एफआईआर पंजीबद्ध की। आरोपियों को ललितपुर उप्र से पकड़ लिया है। मृतक कोतवाली क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था।
- हितिका वासल, एसपी गुना

खेत से लौट रहे किसान पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, कंधे में लगी गोली

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रिछेरा गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। खेती का काम खत्म कर अपने घर लौट रहे एक युवा किसान पर आधा दर्जन बदमाशों ने घेरकर कातिलाना हमला कर दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें एक गोली किसान के कंधे में जा धंसी। गंभीर हालत में पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस सनसनीखेज घटना के बाद से ग्रामीण इलाकों में भारी रोष और दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिछेरा गांव निवासी रवि जाट खेती-किसानी का काम करता है। शुक्रवार की रात वह अपना दैनिक काम समाप्त कर पैदल अपने घर की तरफ आ रहा था। जब वह गांव के पंचायत भवन के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने उसे घेर लिया। पीड़ित रवि जाट ने बताया कि हमलावरों में कश्मीरा जाट, छोटू रघुवंशी, रवि और उनके साथ तीन अन्य अज्ञात बदमाश शामिल थे। इन सभी ने मिलकर अचानक उसका रास्ता रोक लिया और अभद्रता करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। खुद को घिरता देख और अपनी जान बचाने के लिए जब रवि वहां से भागने लगा, तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पीछे से उस पर पिस्तौल और दुनाली बंदूक से कई राउंड फायर किए। जान बचाने की कोशिश के दौरान एक गोली सीधे रवि के कंधे में जा लगी।

एसआईआर पर लगे रोक

मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने व एसआईआर पर रोक लगाने की मांग पर दिल्ली में जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में छात्र संगठन डीएसओ द्वारा कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर डीएसओ के जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि पूरे देश भर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन चल रहा है उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए मनमाने तरीके से एसआइआर पर निर्णय लिए जिसमें देश के 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और पूरा देश जानता है कि यह बात केवल हम नहीं बोल रहे हैं बल्कि चुनाव आयोग के ही 2 अन्य सदस्यों के द्वारा यह बात बताई गई है बहुत सारे निर्णय ऐसे लिए गए हैं जिसमें उनकी राय नहीं ली गई, जो कि पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक है।

शनिवार को पूरे देश भर से छात्र-नौजवान दिल्ली में इकट्ठा होकर आंदोलन कर रहे थे और ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने एसआइआर पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे बर्बरतापूर्ण तरीके से पुलिस ने डीएसओ सहित विभिन्न आंदोलन कारियों को डिटेन किया और आम जनता की आवाज को दबाया गया है, छात्र संगठन इसकी कड़ी निंदा करता है। आज के ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त किया जाए, काटे गए 13 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल किए जाएं और एसआइआर को भी रद्द किया जाए।

संपर्क अभियान अंतर्गत जिले में शिविर का आयोजन

अशोकनगर। शनिवार को संपर्क अभियान 2026 के अंतर्गत अशोकनगर जिले में 11 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 399 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 385 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। उक्त शिविर में 126 घरेलू तथा 71 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किए गए एवं 15 उपभोक्ताओं के नाम परिवर्तन किए गए। खराब मीटरों को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओ से शिविर के दौरान लगभग 09.21 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरों में लगाई गई।

अशोकनगर व चंदेरी की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले हुए

चंदेरी में जिला स्तरीय डोज बॉल स्पर्धा का आयोजन, बालक बालिका वर्ग में चंदेरी टीम विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

चंदेरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बालोद्यान में जिला स्तरीय डोज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी, विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी अनिल शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ पुष्प त्रिवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत अशोकनगर एवं चंदेरी की बालक तथा बालिका टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। दोनों वर्गों में चंदेरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका जाहिद, रोहित रघुवंशी, राममिलन एवं नवीन वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अमित जैन, शुभम तिवारी, अनुराग तोमर, गिरधारी पवैया एवं राजकुमार लोधी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गुना में पांच चरणों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय गुना के मनकक्ष विभाग द्वारा स्वास्थ्य समिति, रेडक्रॉस समिति एवं मन समिति के सहयोग से पांच चरणों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष डॉ. एल.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण की दी जानकारी

कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित जागरूकता सेमिनार में मनोचिकित्सक एवं मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. आर.एस. भाटी ने मानसिक तनाव, अवसाद एवं अन्य मानसिक समस्याओं के लक्षण और उपचार की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। मनोरोग नर्सिंग अधिकारी रवि सिंह यादव ने टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 एवं मनहित ऐप के बारे में बताया। द्वितीय चरण में स्लोगनयुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित कर मानसिक समस्याओं के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। तृतीय चरण में विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर तैयार पोस्टरों का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन किया गया। इसमें 225 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।चतुर्थ चरण में गर्भवती एवं प्रसवोत्तर महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लक्षणों एवं बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

लिप्पन आर्ट, बछवारस पट्टा निर्माण, लकी गेम्स और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय अग्रवाल पैलेस में अग्रसेन जयंती महोत्सव पर विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं, बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता, पारिवारिक संस्कृति एवं बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। दोपहर में बहुओं के लिए लिप्पन आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मां दुर्गा का भव्य स्वरूप तैयार किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुरभि अग्रवाल (पत्नी डॉ. गौरव अग्रवाल), द्वितीय स्थान रक्षा अग्रवाल तथा तृतीय स्थान आरती अग्रवाल एवं पूजा अग्रवाल ने प्राप्त किया। इसी क्रम में सासों के लिए बछवारस का पट्टा बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान संध्या अग्रवाल (पत्नी ललित अग्रवाल), द्वितीय स्थान स्नेहलता अग्रवाल तथा तृतीय स्थान सुकून अग्रवाल ने प्राप्त किया।

बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न आयु वर्गों में लकी गेम्स आयोजित किए गए। शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान शिवाय अग्रवाल, द्वितीय स्थान श्रीजा अग्रवाल एवं तृतीय स्थान मनस्वी अग्रवाल ने प्राप्त किया। 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में मोईश अग्रवाल प्रथम, दक्ष अग्रवाल द्वितीय एवं मौली अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शौरभि अग्रवाल ने प्रथम, अर्थ बंसल ने द्वितीय तथा सलोनी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सायंकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं मां लक्ष्मी जी की आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न आयु वर्गों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कविश अग्रवाल प्रथम, वेदा अग्रवाल द्वितीय एवं अंश अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में आरूणी अग्रवाल ने प्रथम, मिषिका अग्रवाल ने द्वितीय तथा विराज अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आरुष बंसल प्रथम, परी अग्रवाल द्वितीय एवं कुश अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बाबुओं के वर्ग में गीता वंशकर ने प्रथम, प्रियंका बंसल ने द्वितीय तथा पूजा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सासों की विलेन बनकर आने वाली प्रतियोगिता में किरण अग्रवाल प्रथम, अलका अग्रवाल द्वितीय एवं सीमा अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं।

इन प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में मनोरंजन एवं उत्साह का माहौल बनाए रखा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल एवं प्रोफेसर वेद प्रकाश गोयल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर भोजन कराकर पितरों को याद किया, पंजाबी महिला विकास समिति दिव्यांग छात्रावास पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर विविध स्थानों पर भोजन कराकर पितरों को याद किया गया और उन लोगों को भी अवसर दिया गया जो इस तरह का कार्य नहीं करा पा रहे थे। पंजाबी महिला विकास समिति ने दिव्यांग छात्रावास में जाकर श्राद्ध पक्ष मनाया। सर्व पितृ अमावस्या अंतिम श्राद्ध के दिन छात्रावास दिव्यांग बच्चों को खाने पीने का सामान एवं कपड़े वितरित किए गए उनके चेहरों की मुस्कान देखकर जो खुशी मिली वह शब्दों में बयां नहीं की जा सकती हमें उन्हें अपने समाज की धारा से जोड़ने के लिए समय-समय पर उनसे मिलते रहना चाहिए बातचीत करते रहना चाहिए उन्हें एंजॉय कराना चाहिए यही हमारा कर्तव्य बनता है।

सकल हिंदू समाज ने श्राद्ध पक्ष में निर्धन एवं असहाय लोगों को कराया भोजनः श्राद्ध पक्ष पर सकल हिंदू समाज द्वारा करुणा निधि संस्था में पहुंचकर निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को खीर-पूरी का भोजन कराया गया। करुणा निधि संस्था द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी सेवा कार्य में सहभागी बनते हुए सकल हिंदू समाज की ओर से श्रद्धापूर्वक भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि श्राद्ध पक्ष पितरों के स्मरण, श्रद्धा और सेवा का विशेष समय है। इस पावन अवसर पर ऐसे लोगों को भोजन कराने का सौभाग्य प्राप्त होना, जिनका कोई सहारा नहीं है, हमारे लिए पुण्य और सौभाग्य की बात है। पितरों की तृप्ति एवं उनकी स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन कराना हमारी भारतीय संस्कृति और सेवा परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, उपाध्यक्ष विकास जैन (बल्ली), जिला मंत्री हेमंत जैन, उपाध्यक्ष मोहन नामदेव, हरिओम रघुवंशी, करुणा निधि संस्था के माधव सिंह रघुवंशी, पारस चंद जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



नम आंखों से पितरों को दी विदाई संपन्न हुआ पितृपक्ष महोत्सव

चंदेरी। पितरों के प्रति श्रद्धा, आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक पितृपक्ष महोत्सव तर्पण के साथ संपन्न हो गया। नगर के परमेश्वर ताल पर मुख्य आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का विधि-विधान से तर्पण कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। पूरे धार्मिक आयोजन को पंडित करुणानिधि भार्गव ने संपन्न कराया। पितरों के स्मरण और विदाई के इस अवसर पर श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा और भावुकता का संगम देखने को मिला। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने की परंपरा का निर्वहन करते हुए लोगों ने तर्पण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ताल पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में धार्मिक विधि-विधान के साथ पितरों का स्मरण किया गया। तर्पण की परंपरा के माध्यम से लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

ढाकोनी और देवगढ़ में सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शासकीय माध्यमिक विद्यालय ढाकोनी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवगढ़ में आदिवासी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल, कलर, डिक्शनरी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ढाकोनी के सरपंच प्रतिनिधि रामप्रकाश शर्मा, वन विभाग ढाकोनी से विनोद कलावत एवं आयुष औषधालय के चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिवेदी उपस्थित रहे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक तथा विद्यालय के प्राचार्य बद्री प्रसाद मैईया एवं कप्तान सिंह परिहार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके बाद देवगढ़ स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पितृमोक्ष अमावस्या पर संदेश दिया गया।